प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू : पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए कुल 201 उम्मीदवारों ने किया नामांकन।
2. चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहने वाले 12 आवश्यक सेवाओं के कर्मियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा।
3. प्रदेश में चार और लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने घोषित किये प्रत्याशी : सीतापुर से पूर्व मंत्री नकुल दुबे और महराजगंज से विधायक वीरेन्द्र चौधरी को बनाया उम्मीदवार।

और

4. मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज अयोध्या पहुंचकर रामनवमी मेले की तैयारियों की समीक्षा की।

——————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर चुनाव होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं।

अमरोहा में आज 17 नामांकन पत्र खरीदे गए। इनमें एक–एक नामांकन पत्र भाजपा व बसपा प्रत्याशी के लिए खरीदा गया, जबकि 15 अन्य नामांकन पत्र निर्दलीय और अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए खरीदे गए। वहीं गौतमबुद्धनगर में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन नहीं हुआ।

इन आठ सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख तय की गई है। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन का समय सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच तय है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

——————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए दाखिल कुल 201 नामांकन पत्रा की आज जांच की गई। मुरादाबाद में वर्तमान सांसद एसटी हसन समेत पांच प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच के बाद खारिज कर दिये गये हैं। उधर, रामपुर में आजम खान के

करीबी माने जाने वाले आसीम राजा समेत बारह प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये हैं।

नामांकन के आखिरी दिन 155 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। इसके पहले 46 नामांकन हुए थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सहारनपुर में 19, कैराना में 25 मुजफ्फरनगर में 45, बिजनौर में 27, नगीना में 18, मुरादाबाद में 19, रामपुर म 23 और पीलीभीत में 25 नामांकन दर्ज किए गए हैं। मुजफ्फरनगर में सर्वाधिक 45 प्रत्याशियों और नगीना में सबसे कम 18 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। प्रत्याशी तीस मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। पहले चरण में 8 लोकसभा सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को चुनाव होगा। इसमें एक करोड़ तैंतालिस लाख मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

——————

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1846 चेक पोस्ट राज्य के भीतर बनाए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4 लाख 22 हजार 330 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये हैं।

——————

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदान के दिन ड्यूटी पर रहने वाले 12 सेवाओं के कर्मियों को बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। इनमें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा, डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों समेत मतदान दिवस की कवरेज के लिए आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिकों को फार्म–12 डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर सम्बन्धित चरण की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करना होगा।

---

चुनाव आयोग चुनावों क दौरान 27 आईटी ऐप्स के साथ प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है। ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से प्रौद्योगिकी के उपयोग ने उम्मीदवारों और लोगों के साथ–साथ उन अधिकारियों के लिए भी प्रणाली को आसान बना दिया है जो चुनावी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। एक रिपोर्ट.......

*ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवार नामांकन और शपथ पत्र दाखिल कर रहे हैं। उम्मीदवार बैठकों, रैलियों आदि के लिए अनुमति मांगने के लिए भी इस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं। मतदाता हेल्पलाइन ऐप वीएचए के माध्यम से लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, मतदान केंद्र का विवरण देख सकते हैं और ई–एपिक चुनाव फोटो पहचान पत्र डाउनलोड भी कर सकते हैं। सी–विजिल ऐप का उपयोग आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए किया जाता है। उम्मीदवार का शपथ पत्र एफिडेविट पोर्टल और केवाईसी ऐप पर उपलब्ध है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करना अनिवार्य है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

————————

**लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रदेश में चार और प्रत्याशियों के नाम तय कर दिये हैं। कल दिल्ली में पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम घोषित किये गये। कांग्रेस ने सीतापुर से पूर्व मंत्री नकुल दुबे, महाराजगंज से विधायक विरेन्द्र चौधरी,**

गाजियाबाद से डॉली शर्मा और बुलंदशहर से शिवराम वाल्मीकि को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने इससे पहले तेईस मार्च को प्रदेश की नौ संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किये थे। गठबंधन में कांग्रेस के हिस्से आयी प्रदेश की सत्तरह संसदीय सीटों में से अब तक तेरह सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये गये हैं। द्सरी लिस्ट में सीतापुर से प्रत्याशी बनाये गये पूर्व मंत्री नकुल दुबे पिछले लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर दूसरे स्थान पर थे। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी विरेन्द्र चौधरी इसी जिले के फरेन्दा विधानसभा के विधायक हैं। जबकि गाजियाबाद से प्रत्याशी बनाई गयी डॉली शर्मा इसी लोकसभा क्षेत्र से पिछले चुनाव में तीसरे स्थान पर रहीं थीं।

—————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलनों को संबोधित किया। मुजफ्फरनगर के प्रबुद्धजन सम्मेलन में श्री योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर अब कर्फ्यू नहीं, बल्कि कांवड़ के लिए जाना जाता है। आपके एक—एक वोट ने तस्वीर बदली है।

वहीं शामली में प्रबुद्धजन सम्मेलन में श्री योगी ने कहा कि लोकतंत्र में आपको वोट का अधिकार मिला है। जब

वोट गलत हाथ में जाता है तो पलायन होता है लेकिन जब वोट सही जगह जाता है तो रोजगार के अवसरों का सृजन होता है। सहारनपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन में श्री योगी ने सभी से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर मतदान प्रतिशत बढ़ेगा तो निश्चित रूप से फायदा होगा।

राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने आज अमरोहा में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्हांने कहा कि भाजपा ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सभी किसान भाइयों को सम्मान देने का काम किया है।

——————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा और रामनवमी मेले की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और कार्यवाहक डीजीपी  प्रशांत कुमार ने मंदिर परिसर में आज समीक्षा बैठक की।बैठक की जानकारी देते हुए आईजी रेंज अयोध्या, प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों उच्च अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं क लिए ठहरने, पेयजल, मेडिकल समेत अन्य

व्यवस्थाओं पर भी मंथन किया गया। साथ ही रामनवमी मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए गए।

17 अप्रैल को नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की पहली रामनवमी मनाई जाएगी। इस मौके पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। क्राउड मैनेजमेंट के लिए विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं।

—————————

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपने एक दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे। वाराणसी पहुंचने पर सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि काशी में मैं पहले भी आता रहा हूं पर गवर्नर बनने के बाद पहली बार आया हूं और यहां आकर के पुण्य प्राप्ति होती है

(समाप्त)